न जाने रोज़ रोज़ मदरसा, हर्ज़ नुक़सान उठाते हैं ।
सबक़ बराबर याद न होता, आफ़त सिरपर लातेहैं ॥ ५ ॥

(३८)

हिज्जे करना ॥

गज़ल ॥

लड़्कों के हिज्जे करना,उस्तादो, इस तरह बतादो ।
ताके इमले में ग़लती, नहिं होवे, इस तरह सिखादो ॥
ह्रस्व और दीर्घ स्वरोंको, व्यंजनसे, जोड़ सब करादो ।
दोनों तरहके स्वरों में, फ़र्क न हो, ऐसा समझा दो ॥ १
फिर स्वरहीन व्यंजनों का, जोड़ जोड़, तरहसे करादो । ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

एक फ़िर आधी सूरती, व्यंजनोंका, फ़र्क़ ले समझादो ॥ २
और शषस व्यंजनोंका, तलफ़्फ़ुज़व, लिखना बतला दो ।
रोज़ रोज़ मुश्किल मुश्किल, लब्ज़ोंके, हिज्जे करादो ॥ ३
ऐसे ऐसे लब्ज़ों को, उस काले, तख़्ते पर बुझादो ।
लड़के लोगों को अपनी, स्लेटोंपर, कई दफ़ा लिखादो ॥ ४ ॥

(३९)

खेलनेका स्थान ॥

लावनी ॥

चलोयार अब खेल मचेगा, खेल खेल का वक़्त हुआ ॥
पढ़ना लिखना आजी नहींहै, खुशी खुशी का वक़्त हुआ ॥
गेंद बल्ला गिल्ली डंडा, खो डूडू का खेल हुआ ।
धावक धूवा चेंडू गोली, तरह तरह तैय्यार हुआ ॥ १ ॥
दौड़धूप फिर कूदफांद सब, करो खुशी से आज हुआ ।
फ़ुरती सुरती ताक़त वाक़त, ज़ोर बदनमें आज हुआ ॥ २ ॥
सोचलो चलो खेल जायमें, घंटे भर का बसर हुआ ।
दोएक घंटे खेल मचेगा, कुल वक़्त नहिं खराब हुआ ॥ ३ ॥
दिलताज़ा दिलबहालहोगा, कय तरह का फ़ायदा हुआ ।
चलो चलो अब काम करेंगे, खेल हमारा ख़तमहुआ ॥ ४ ॥

(४०)

कसरत करना ॥

रागनी वसन्त—ताल मध्यमान ॥

कसरत उमग बढ़ावनहारी । याको करहीं सब संसारी ॥
छोटे बड़े सब रोग नशावे । शरीर कर रखवारी ।
फ़ुरती सुरती सबहीं लावे । आलस नाशन कारी ॥ १ ॥
शरीर रोगी सबहि भोगी । हल चल कर पद भारी ।
नियमित दौड़न कूदनकरहो । समय समय अनुहारी ॥ २ ॥
उपबन टहलन बतास भक्षन । बिधिबिधि खेलनवारी ।

65 82.

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

करो करो सब जीवन हेतू । मनहिं संदेह टारी ॥ ३ ॥
तीक्ष्णता अरु बुद्धि बढ़तहै । सकल दुःख कहं टारी ।
सिर आदिक कर पीरा नाहीं । अगणित फल दातारी ॥ ४ ॥

(४१)

कसरत करना ॥

रागनी बसन्त—ताल मध्यमान ॥

कसरत के गुण कह लग गाऊं ॥
तीप तिजारी अरु चौथारा । गरमी सरदी नाऊं ॥
शिशिरदुख न अरु पेटहि पीरा । आलस सुस्ती वाऊं ॥
सकल ठेन गन नसाऊं ॥ १ ॥
तीक्षणता तीव्रता लावे । झेपन चपन नसाऊं ॥
फुरती सुरती विविध प्रकारी । मन तन दृढ़ता लाऊं ॥
सब बिधि बहु फल दाऊं ॥ २ ॥
तन दृढ़ता मन दृढ़ता होवे । होवत बुद्धि बढ़ाऊं ॥
विद्या सिद्या शीघ्रहि आवे । समझत तब सब भाऊं ॥
कठिन सहन हो काऊं ॥ ३ ॥
अगणित लाभ अरु हानिनाहीं । कहं लग कहत बढ़ाऊं ॥
करो करो कसरत सब लोगो । मनो रंजन चित चाऊं ॥
जीवन बहु बढ़ जाऊं ॥ ४ ॥

(४२)

खेलने का स्थान ॥

रागनी बिलावल—ताल चीताला ॥

हे लोगो खेल भू कस सुखदाई ॥
आनन्द लागे मन महभावे, हरषद मुद मन भाई ।
किलकनि खेलनि हांसन नाचन, सब आवत दरसाई ॥ १ ॥
तीन प्रकारी वायु चलत है, देत सुगन्ध फुलवाई ।
रोगन नाशन मन बहुमाड़न, हितचित खेलखिलाई ॥ २ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कसरत करन न बोलन टेरन , खेलन दौड़ धुपाई ।
कूदन फांदन गावन नाचन , हरष हरष मगराई ॥ ३ ॥
हिलिमिलि कै सबखेलो खालो , रीति सुरीति सुहाई ।
अगणित फल प्रद भूमि खेलहै , निरोगता भल दाई ॥४ ॥

(४३)

विद्या ॥

पदतोटक—ताल मध्यमान ॥

विद्यावर कैसनजातकही । कछुजो कहहो सबथोर सही ॥
नृपमान करी सुख ज्ञान धरी । बहुरूपभरी तम भारहरी ॥
मन भानु प्रकाश करी गगने । दुख दारुण आदिक आपहने ॥
भल भाइ समान रहे नगरे । जरजात तमीय भ्रमी सगरे ॥
सुखदेत मनो अस पूरणता । दुख काढत जात जनोहरता ॥
मणिहीरक माणिक आदिकजो । झकमारत हैं विद्यावरसों ॥
बहुपार अपार सुखी नरसो । जिहि आवतहैं विद्यावरजो ॥
सुनहो लहहो असदायकको । जगके जनकेमन भायकको ॥
बरनेकहंकोविद्यागुणको । जिहि पावत भागमती भ्रमको ॥

(४४)

अफ़सरों के साथ बर्त्ताव ॥

रागनीकान्हड़ा—ताल तिताला

पाठक लोगोअफसर माना । असअसकरो सहितसध्याना ॥
सादर साज्ञा सहित समाना । बोलो कामकरो हित जाना१ ॥
जो कछुकहसुकरोधुनिधारी । कठिनकाजयदिछोटोभारी २ ॥
खटपटसटहठकरिकभुनाहीं । तनमनचितसोंकामसुजाहीं ३ ॥
सनेहसप्रीति सनीतिशुभरीती । चलेकाज जसहोवेज्ञीती ४ ॥
आपस नमन करनविधिभांती । होवेहोवे अतिशुभजाती ५ ॥
हां इतनोहै देखतजानी । कोई अफसरहैं शठमदसानी ६ ॥
तिनसों बलनचले बड़हानी । परते पावहिं तुरतखुटानी ७ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सारअंश यह निकरत लोगा । काज होत भल दे उपयोगा ॥ ८ ॥
झगरा फगरा होवे नाहीं । कुनाम कुकाम कबहुं न आहीं ॥ ९ ॥

(४५)

मातहतों के साथ वर्त्ताव ॥

रागनीकेदारा—ताल तिताला ॥

हे पाठक हे अफसर लोगा । मानो मातहतन इमि योगा ॥
सहित सनेह सप्रीति सरीती । बोलो बरतो सरतो जीती ॥ १ ॥
कोपबैर द्वेष मद त्यागी । काज लेहु भल विधि कर भागी ॥ २ ॥
हिलिमिलिके सबकाज चलावो । अफसरीबड़ी बहुनजनावो ॥ ३ ॥
यदिसबकहंनहिंनिजसमजानो । तौहूतिनकहंनीचनमानो ॥ ४ ॥
जो कारज हित चित सों होई । कोप बैरसों होवन सोई ॥ ५ ॥
सार अर्थमनमाहिं निकारी । काजकरो निज पौरुषभारी ॥ ६ ॥
मातहतनसोंमिलिहिलिभाई । जुरिमिलिके तबकाज सराई ॥ ७ ॥
सतपूछहु तोमीत समजानी । बरतोसरतो बहु मनमानी ॥ ८ ॥
अधिकता दिखावहु कभुनाहीं । जातेकाज अकाजत आहीं ॥ ९ ॥
मसकालागन चाहो काहीं । यहसुभाव बहुअधम कहाहीं ॥ १० ॥

(४६)

उत्तम व्याख्या ॥

चौपाई—ताल मध्यमान ॥

उत्तम उत्तम व्याख्या केरा । भल भल लक्षण हेरन फेरा ॥
उत्तम व्याख्या पद के हेतू । समुझि सुसोधो साधन सेतू ॥ १ ॥
निर्मित भणित रीति अतिप्यारी । धरो धरो सुन्दर लघुवारी ॥
कर्त्ता क्रिया प्रथम निकारी । पुनि बांधो पदच्छेदन भारी ॥ २ ॥
शब्द भेदहिं सब लरिका बोलें । बार बार न पूछ मति डोलें ॥
जोकछु कहन लगें तामाहीं । लरिका कहें सहाय नचाहीं ॥ ३ ॥
यदि पाठक कछु अवसिक जाने । बीच पूछ कर लोके माने ॥
सदा सदा राखो मन माहीं । यासब कृष्ण पाठ के नाहीं ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

विधिविधि लिखके कह ताहीं । जाते अभ्यास छूट न जाहीं ।
पुनि सबरीति व्याकरण केरी । बार बार पूछो मन हेरी ॥ ५ ॥

(४७)

पुस्तकालय ॥

राग मेघ—ताल झंपताल ॥

पुस्तकालय सब राखो भल इमि ॥

पुस्तक गृहकह शोधलगाओ । फलद फलद पोथीमंगवाओ ॥ १ ॥
बालक पाठक परजन कोऊ । बिबिधि कर्त्ता पोथी भलहोऊ ॥ २ ॥
जो चाहें सो लेवें जाही । जाते उमंग बढ़े मन माहीं ॥ ३ ॥
भलभल नियम नभीति लगाओ । जातेपुस्तक रहन गवाओ ॥ ४ ॥
रीति रीति जमाइ के राखो । मानो पोथी आपहिं भाखो ॥ ५ ॥
मलिनी कोऊ होन न पावे । कीट पतंग प्रवेशन जावें ॥ ६ ॥
रजिस्टर इक राखो इह लागी । पुस्तक गाहक नाम सवांगी ॥ ७ ॥
नियम अनुसार गाहक लेवें । रीति अभंग सो नकर देवें ॥ ८ ॥
पुस्तक पर लिखि निर्मल नामा । जातेकाम न होय अकामा ॥ ९ ॥

(४८)

मा बापोंकी और बड़ोंकी आज्ञा ॥

रागनी ललित—ताल तिलाना ॥

जनदन की आज्ञा मानो , बड़नबड़न की बिधि जानो ॥
मात पिता की और बड़नकी , बड़न नात जानोना ।
सादर आदर तिन सन भाषो , बुधन विरोध करोना ॥ १ ॥
लघु भगिनी भ्राता आदिक सों , सनेह अति बोलोना ।
मारो तोड़ो झगड़ो नाहीं , बैरन कभु बांधोना ॥ २ ॥
छोट कहं भल उपदेश देवो , बड़ेन सों लेवोना ।
आपन पर कहं काज सुआवे , रीति सुनीति करोना ॥ ३ ॥
तुम्हरो हित है ते हितकारी , सब विधि ता परखोना ।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

भलो भलोही सब विधि होवे , यामें भेद लहोना ॥ ४ ॥

(४९)

व्याख्या ॥

कहरवा—ताल दादरा ॥

व्याख्या मोरे लोगो ऐसो करोरे ॥

शब्द भेदन सकलन रीतन , बारहिं बार पहिचान ।
उदाहरण दे दे समझाओ , जाते छूटे न ज्ञान ॥ १ ॥
संज्ञा क्रिया आदिक बोलो , पूछो भेद न नाम ।
बचनन कारक आदि गड़ाओ , पूरो व्याख्या काम ॥ २ ॥
सब ऊपर यह बातहिं मानो , पद छेदन कर प्रमाण ।
पदच्छेद सब पहले बताओ , पुनि व्याख्याकर जान ॥ ३ ॥
इहते व्याकरण प्रगट होवे , कठिन संदेह सब भाग ।
जुगत उगत सब भांति सिखाओ , जामें राग न फाग ॥ ४ ॥

(५०)

विज़िटरों को मानना ॥

रागनी असावारी—ताल तिताला ॥

हे विज़िटर जनको असमान करोना ॥

जब आवें शाला के भीतर , पाठक बाल उठोना ।
यथोचित सादर नमन करके ; आज्ञा पा बैठोना ॥ १ ॥
जोलों नहिं पूछें ते तुमसों , तोलों नहिं बोलोना ।
समुझि समुझि के उत्तर देओ , खेद नहीं पहुंचोना ॥ २ ॥
ठाढ़े सादर बोलो चालो , बड़ बड़ नाहिं करोना ।
जस जस पूछे मांगे ते सब , तस तस कह देवोना ॥ ३ ॥
देख दाख अरु कह सुन करके , जबते चलन धरोना ।
पाठक बालक उठ उठ सादर , पुनि शुभ नमन करोना ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(५१)

गुरू को मानना ॥

रागनी ईमन—ताल तिताला ॥

गुरू जीको सुनमन करोना । जनक जननि सों भल तर हैं
सो, ईश्वर तुल्य धरोना ॥
शाला समय गेहते निकसो , स्वच्छ बस्त्र पहिरोना ।
बाटमें झगड़ो न काहू सों , पोथी करहिं धरोना ॥ १ ॥
शाला भीतर आवो जबहीं , सादर गुरूहिं नमोना ॥
निज स्थान महं बैठो चाप चुप , करमहं पोथि धरोना ॥ २ ॥
समय बिभागहिं जैसो लिखोहै , तिमितिमि काज करोना ।
गुरू सिखोवे तुम सीखो सब , तन मन चित वासोना ॥ ३ ॥
पठन समय जनि बात करोतुम, हितचित सबकसुनोना ।
जनि इत उत देखो भालो तब , जब जब होत पठोना ॥ ४ ॥
हठ वश जनि पावो बहु शासन , मननहिं खेद करोना ।
अनुचित बात कोई गुरूसों , नाहीं कबहुं कहोना ॥ ५ ॥
बचन अरु काज जनि करहो अस, जाहि गुरू रिसहोना ।
समुझि सोचके उत्तर देवो , चाल सुचाल चलोना ॥ ६ ॥
यदि अनुचित कोउ बात होवे , क्षमा मांगि रहोना ।
कहिके लिखिके कैसो करिके , जा अपराध टरोना ॥ ७ ॥
शाला समय जान जब होवे , सादर नमन करोना ।
सूधे सूधे गृह कहं जावो , पथ महं जनि झगरोना ॥ ८ ॥

(५२)

छे रिपु ॥

रागनी झंझोटी—ताल मध्यमान ॥

काम क्रोध मद मत्सर मोहा, लोभ सुमिलि षटबैरि कहावें ॥
सत्य शीलता सनेह सुनीती, दया मया करुणा सुभगावें ।
चोरी चारी गारी वारी , हत्या मत्या सगरों लावें ॥ १ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

अगणित हानिसानि होवत है, यदि इनके वशमें आजावें।
त्यागत अगणित फलमिल जावें, उत्तमनरजग सोयकहावें ॥२॥

(५३)

इबारत लिखना ॥

चुटकला—ताल दादरा ॥

पद रचना होवे अस भांती ॥
व्याकर्ण शुद्धता भाषा बन्धता, योग्य शब्द कर जाती।
समुझि समुझि के विषय समाना, भाषा सुन्दर आती ॥ १ ॥
शुद्धता सुन्दरता सुगमता, बोलो लरिकन साथी।
जाते तस बोलें तस लिखहीं, मन भावो मन राती ॥ २ ॥
गृह लिखन कहं अस विषय देवो, जो जातें बहु भांती।
यदि कठिन तु समझावो ताहीं, जा भांति लिखीजाती ॥ ३ ॥
विविध विषय वा लिखित सूक्ष्म, उल्था प्रांति चपाती।
देदेवो समुझावो बहु विधि, नाना अगणित जाती ॥ ४ ॥
वचन अशुद्धता बोल बतावो, सहित रीतिके साथी।
सुधारो बतावो मन हितसों, लिखित हो कोउ बाती ॥ ५ ॥
शुद्ध लिखन लिखन पढ़न सब, कविता कर समझाती।
भांति भांति की रीति बहुत हैं, है रचना पद साथी ॥ ६ ॥

(५४)

इबारत लिखना ॥

कजरिया—ताल दादरा ॥

चाहे गद्य की चाहे पद्य की, भल भल पद रचना, असआवे ॥
पढ़ो पढ़ो दक्ष ग्रन्थन कर्त्ता, समुझि सोचिके जानि जनावे।
भाषा सुन्दरता पद रचना, विविध भांति सों ता समझावे ॥१॥
पुनि मत कंठन पठन अभ्यासी, ध्यान ज्ञान मन महं धरावे।
बार बार भल कोपहिं देखो, समुझि बिन आगेन बढ़ावे ॥२॥
उल्था पुल्था उलटो पुलटो, करोकरो शुध रीति कहावे।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

बाक् पटुता वारोहिं मानो, बार बार निज लिखन बढ़ावे ॥ ३ ॥
साधारण रचना बहु सुगमी, उत्तम भली सुभली कहावे ॥ ४ ॥
लिखो लिखो पद लिखन न त्यागी, जाते आवे आवे आवे ॥ ४ ॥

(५५)

पदच्छेद करना ॥

रागनी पूरबी—ताल तिताला ॥

पदच्छेदन वाक्यन के, करहो या भांती ॥
शब्द भेदन बहु विधि बतायके, करि पहिचान जनाती ।
सार संग्रह सार निकारिके, भांति भांति समझाती ॥ १ ॥
कर्त्ता क्रिया यदि कर्म्म निकारी, बार बार सब भांती ।
प्रति गुणहिं हेर फेर बताओ, गुण बाचक सब जाती ॥ २ ॥
कर्त्ता क्रिया के नाम चलित हैं, उद्देश विधेय भांती ।
उद्देश वर्धक और विधेय, वर्धक होत कहाती ॥ ३ ॥
उद्देश विधेय बढ़ावन रीती, बार बार समझाती ।
यह सब कृष्ण पाठ महं लिखिके, करो करो मनराती ॥ ४ ॥
उभयान्वयी कोष्ठक में हो, मनो नहीं गण जाती ।
बुधमानी चतुराई से हो, सिखाव हो या भांती ॥ ५ ॥

(५६)

रजिस्टर ॥

रागनी टोड़ी—ताल मध्यमान ॥

रजिस्टर राखो पाठक लोग ॥
हाज़िर दाख़िल ख़ारिज़ करो, लिखो करो उपयोग ।
समन सध्यान खींचिके लिखो, निर्मल सुन्दर जोग ॥ १ ॥
मासिक वारी आदिक नकशा, करो करो सब लोग ।
अगणित भणित फलित बहुतहैं, इन रजिस्टर उपयोग ॥
विज़िटर बुक कमिटी बुक आदिक, सरक्यूलर प्रयोग ।
फीस आदिकर पाति चपाती, सामग्री हि उपयोग ॥ ३ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

विविध विधिकर रजिस्टर होवे, लिखित रहे शुभ योग ।
शाला प्रबंधित हो इन तेंहो, फलहै अगणित जोग ॥ ४ ॥

(५७)

समय विभाग का उपयोग ॥

रागनी बसन्त—ताल मध्यमान ॥

समय विभागहिं अस उपयोगो ॥
इन्स्पेक्टर जावें जब शाला में, तिम कहं है यह जोगो ।
समय विभागहिं सचेत देखो, शाला शाला लोगो ॥
केवल नाम रहोगो ॥ १ ॥
यदि विभाग कहं इत उत पावो, शाला निकाम जनोगो ।
जहां टंगित है दृष्टि के संमुख, सो उत्तम सु कहोगो ॥
पाठक नाम जमोगो ॥ २ ॥
समय भाग बिन काजन होवे, शाला नष्ट भयोगो ।
पाठक जन निज काज न जानें, शाला नाम धरोगो ॥
तब सो हानि जनोगो ॥ ३ ॥
समय विभाग राजाधिराजा, सदा सदैव बनोगो ।
बालक आपन कहं यह जानी, नौकर चाकर लोगो ॥
तब भल काज चलोगो ॥ ४ ॥

(५८)

नकशा खींचना ॥

रागनी सोरठ—ताल मध्यमान ॥

नकशा खींचो ऐसीरीति ॥
बड़बड़ पहाड़न नदि नद नारे, देश नगर सबहीति ।
गृह आंगन समदृष्ट आवें, रातदिवस कर जीति ॥ १ ॥
कृष्ण पाठमहं खींचि बताओ ; बाहरि भाग सुरीति ।
जबे बाल यह खींचन लागें, आगे बढ़ो सुबीति ॥ २ ॥
धीरे २ सीम बताओ, देश प्रदे सुभीति ।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

पहाड़ नदी आदिक बनाओ, नगर झोलिकी रीति ॥ ३ ॥
धीर धीर रंग भरन बताओ, निर्मल शुचि सबरीति ।
नकशा खींचन मनु खेलन बहु, जानो सहज सजीति ॥ ४॥
प्रति प्रति वर्णित रीति कहीं, कृष्ण पाठ महं ईति ।
पाठक यह सप्राह बतावे, फल अनेक हैं मीति ॥ ५ ॥

(५९)

परीक्षा पत्र ॥

राग बसन्त बहार—ताल एकताला ॥

परीक्षा पत्र लिखो या भांती ॥
स्पष्ट सुन्दर सम वाच्य अक्षर, निर्मल कलिन न जाती ।
शब्द निर्मल अरु रेखा निर्मल, सबनिर्मल सब आती ॥ १ ॥
भल पोथी भल देखाभाली, अरंभो नित नवबाती ।
अरंभो अरंभो नव लेखनतें, जो कछु आवत जाती ॥ २ ॥
उत्तम कागद उत्तम लेखनि, देत सिद्धुता साथी ।
दाग बाग कछु हीन न पावे, नित सुन्दर सब भांती ॥ ३ ॥
छोर छूटे निर्मल भली भल, भूल भटक लिखि जाती ।
कछु भूलो लिखो तामांही, वाकोऊ नव बाती ॥ ४ ॥
कागद के इक ओर लिखो नित, जात समय बच जाती ।
सुगम सुगम प्रश्न उतरो प्रथम, कठिन पाछ पटकाती ॥ ५ ॥
जितनो प्रश्न तितनो उत्तर, करु जनि जनि अधिकाती ।
व्याकरण अशुद्धता कबहु नहीं, करो लिखो चतुराती ॥ ६ ॥
अनरथ कछुन लिखो तामाहीं, परीक्षक हार जाती ।
उलटो पलटो कछु नहिं होवे, रहे रहे मन भांती ॥ ७ ॥
मोड़ो मोड़ो कागद अंतमहं, समय लिखन पश्चाती ।
नाम कक्षा शाला तिथि मासहिं, लिखो सुन्दर चौड़ाती ॥ ८ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(६०)

गणितोंकी सामग्री ॥

दादरा—ताल उसीका ॥

सामग्री येहैं विषय गणितन की ॥
भिनभिन भणित गणित अंकित बहु, शोधित बोधित पोथिनकी।
भिनभिन पाटी स्लेटन मांही, करो करो बहुप्रश्नन की ॥ १ ॥
बार बार लिखो कृष्ण पाठ महं, भल गणितन शोधो मनकी ।
गणितन ज्ञानी जनसों पूछो, हारे तुटीक गणितनकी ॥ २ ॥
मापतोल अरु आदिक पचन, लेखन पाई आननकी ।
रेखगणित में साध्य सूरत, लिखोतो लिखो भिन भिनकी ॥ ३ ॥
बिधिवत नकशा फंकशा राखो, भिन भिन बहुते गणितनकी।
शालाकृष्ण पाठ गृह पाटी, आदि आदि सबही मनकी ॥ ४ ॥

(६१)

कुरसी मेज ॥

रागनी भीमपल श्री—ताल मध्यमान ॥

कुरसी मेज न आवे काजा । सत्य श्रम कर साज सुसाजा ॥
कोउ पाठक बर्त्ते इमि भांती । तकिया शय्या अगणित जाती ॥ १ ॥
कुरसी शीश मेज़ पर पाई । धरि सोवें मनुनिद्रा आई ॥ २ ॥
जो आलसि सुस्तसोव समाना । शिक्षान जाने सोवन जाना ॥ ३ ॥
नहीं नहीं हे पाठक लोगा । कुरसी मेजहिं मानु कुयोगा ॥ ४ ॥
प्रतिघंटा महं यदि जीचाहे । दसइक मिनिट बैठतो जाहे ॥ ५ ॥
श्रमकरि काज करो मनहींते । नहिंतर बिद्या आव कुरीते ॥ ६ ॥
कृष्ण पाठ कहं राजा जानो । काल नियम बड़ राजामानो ॥ ७ ॥
इहविधि काज करो सब लोगा । जाते आवें सुख संयोगा ॥ ८ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(६२)

नृत्यमण्डल ॥

होली—ताल मध्यमान ॥

चलोरी चलोरी नाच नचाई, रानी भंवराई ॥
हंसि हंसिके चल गावें नाचें, हरष जनक भंवराई ।
योगिनि हो हरियाई ऊपर, मुख रानी बिहराई ॥ १ ॥
बरष बरष बन ऋतुके समान, फिरि फिरि एक घिराई ।
मैं हों उष्ण तुमहो ऋतुराज, मुख योगिनि किंदराई ॥ २ ॥
आली बनो जड़काल बनकी, सखा सुपात झराई ।
जड़पात झड़शीत ऋतुराई, मुखरानी किंदराई ॥ ३ ॥
वसन्त अरु उष्ण त्वरित जावें, कच सेत पतझराई ।
शीत काल ऋतुराई कर धर, नृत्यत हो भंवराई ॥ ४ ॥
बेग बेग हम फिरें सबेरी, गाल गुलाब ललाई ।
निज बश होवें जैसे पत्नी, मंडली नाचत भाई ॥ ५ ॥

(६३)

शाला सामान ॥

दादरा—ताल उसीका ॥

शाला सुसाजा ऐसो सजाओ ॥
प्रति कक्षाकर बैठक सैठक, मेज़बेंच सब अलग लगाओ ।
जाते गड़ बड़ होवे नाहीं, भिनभिन भांतिभांति अतिभाओ ॥ १ ॥
सबकर बैठक ऐसी होवे, पाठक सब कहं देखन पाओ ।
दूरपास कतहूं सब होवें, अर्धकार सीधे बैठाओ ॥ २ ॥
लिखन मेज़ भीतिनसे राखो, कृष्ण पाठ इमि भांति लगाओ ।
पाठक देखें बालक लोकें, गड़बड़ सड़बड़ होनहिं पाओ ॥ ३ ॥
जहां लगि बने स्थान थोरो, पूरण पारण साज सजाओ ।
शुचि मनचित हित ध्यान लगाई, भली शिक्षा सबरीति बताओ ॥४॥
कुरसी मेज़हिं माटी जानो, मेज़ चरण कुरसी न लगाओ ।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

कृष्णपाठ लागे सकलन विधि, अलमारी बहु भांति सजाओ ॥ ५॥

(६४)

चिट्ठी लिखना ॥

चुटकला—ताल दादरा ॥

पाती चपाती ऐसी लिखोरे ॥
छोट बड़ेन कहं लिखन की रीती, रीतिबार बहुविधि परखोरे ।
पुनि भल भल विषय लिखन कर हेतू, पहिलेसे चुनिके सुरखोरे ॥१॥
चुनोसो विषय इमि भांति पाठको, लरिकन ताही जानत होरे ।
कठिन विषय जनि कबहूं तो देहू, जो लरिकन ते नाहिं बनोरे ॥२॥
जहां जहां बालक भूल करत हैं, तहां ताकहं सुधारि रखोरे ।
सर्वोत्तम तब बालक प्रशंसो, सबमिलि तब ताकहं निरखोरे ॥ ३ ॥
उत्तम भाषा अरु उत्तम लिखना, सबहिं भांति प्रेरणा करोरे ।
पुनि उत्तम पाती लरिकन संमुख, पढ़िकर लिखकर सुनालिखोरे ॥४॥

(६५)

निबन्ध लिखना ॥

रागनी परज— ताल तिताला ॥

पाठकवा निबन्धऐसो कीन्हो जाय, यदिदक्ष प्रदक्षलिखवइयारे ॥
निबन्धको निबन्ध लिखनोको लिखनो,
यदि निपुण प्रबीणहो करवइयारे ॥ १ ॥
बर्णन के योगी निबन्ध को लिखनो,
नाम स्थान लाभ रखवइयारे ॥ २ ॥
कथन के योगी निबन्ध को लिखनो,
वृत्तान्त फल शिक्षा करवइयारे ॥ ३ ॥
विचारन योगी निबन्ध को लिखनो,
परि भाषा प्रकार फल बतयइयारे ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(६६)

निबन्ध लिखना ॥

खमाचकी ठुमरी—ताल मध्यमान ॥

निबन्ध को बन्धबँधे या भांती ॥
निबन्ध शब्द कर उत्पत्ति आदिक, प्रकाराकार जो आती ।
परि भाषा करि उदाहरण देदे, रचो रचो सब जाती ॥ १ ॥
पर विषयन सों संबंध डारी, सुफल अफल सब भांती ।
सुयोग कुयोगहीं सब दिखलाई, लिखो लिखो मन राती ॥ २ ॥
जो कछु छूटे सब कहं भरदेवो, समझावे समझाती ।
सूक्ष्म लेखन सुसार सब आवे, रच रचना सुन्दराती ॥ ३ ॥

(६७)

धुनिधृति ॥

रागनी बसन्त—ताल मध्यमान ॥

अहो बाल लोगो, अहो बाल लोगो, धुनि धृति धाओ ॥
हेरि कील कहं सुठीक बालक, नोकहिं मार लगाओ ।
मारो मारो निज बल बालक, जबहीं लोह भलाओ ॥
लाल लाल ह्वै आओ ॥ १ ॥
तुम कहं काज करनहे बालक, करहो मनहिं लगाओ ।
जो पहुंचत है शिखा बालक, पहिले प्रथमहिं धाओ ॥
चढ़त चढ़त गिरि आओ ॥ २ ॥
ठाढ़े होओ पद बल बालक, निरखत नभ के मांहो ।
कैसे तुम पहुंचोगे बालक, यदि तुम कबहूं नांहो ॥
कबहु न यतन कराओ ॥ ३ ॥
यदि तुम ठोकर खाओ बालक, कबहु न होतर मारो ।
करहो यतन करो पुनि बालक, सुफलित होवे धारो ॥
धारि अन्तहीं आओ ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(६८)

शुद्ध लिखना ॥

रागनी भीमपलश्री—ताल मध्यमान ॥

शुद्धलेखन इमि भांति सिखाओ। जातेअशुद्ध होय न पाओ ॥
लेखन सुधरे अक्षर सुधरे, अभ्यास अक्षर पढ़ जाओ ।
पाठपाठन सम सबक होवे, दिन दिन प्रति दिवस धराओ ॥ १ ॥
शाला महं सो लेखन देई, लेखन सुभांति लिखवाओ ।
कठिन कठिन शब्द निकारी, सहित लेखन सुबतलाओ ॥ २ ॥
भली भांति पुनि जांचो लेखन, अशुद्ध शब्द पुनि अलगाओ ।
वही पाटि महं दश दश बारहिं, लरिकन सुशुद्ध लिखवाओ ॥३॥
तुमहिं जानो परीक्षक कोऊ, लिखवावे पाठ पढ़ाओ ।
वा पूछत पढ़े पढ़े शब्दन, अशुद्धता होयन पाओ ॥ ४ ॥

(६९)

कवायद ॥

ठुमरी—ताल मध्यमान ॥

कवायद लोगो अवसि सिखाओ ॥
यदपि पोलिस कर चाकरी नाहीं, रण चढ़ नाहीं आओ ।
तदपि चंचलता बहुती चपलता, मन दृढ़ता बहु पाओ ॥१॥
कर पद फुरती बहु बल देहहि, श्रम न व्यापन पाओ ।
शरीरकर बल बहु बाढ़त जावे, मन बल बुद्धि बढ़ाओ ॥२॥
यदपि पूर्ण कवायद नहिं भावे, सार सार ले आओ ।
जितनी ते आपन फुरती होवे, तितनी आनि बताओ ॥ ३॥

(७०)

उल्थाकरना ॥

ध्रुपद ॥

रागनीखमाच—ताल चौताला ॥

भाषा उल्था प्रति इक करो, ससन्दरता ठीकता हेरो,

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

करो करो बिना अन्तर आन ॥
जांजा भाषा उल्था करनो, ताताके प्रति शब्द चुनिबरनो,
मन माहिं वा कहिके मन मान ॥ १ ॥
जा भाषा महं उल्था करहो , ताभाषा की रचना रचहो,
कर्त्ता क्रिया आदि अनुमान ॥ २ ॥
इमि भांति वाक्य रचना करके , जा भाषा महं उल्था भरके,
रीति ठीक शुभ उल्था सुआन ॥ ३ ॥

(७१)

उल्थाकरना ॥

ध्रुपद ॥

रागनी खमाच—ताल चौताला ॥

भाषाभाषा उल्था सुन्दर , प्रतिप्रतिमाहीं लावो, बढ़कर,
करो करो सो बहु रीति वार ॥
उल्थित भाषा शब्द शब्द वर , ठीक ठीक भाषा उल्था कर,
राखो राखो बहु सोच वार ॥ १ ॥
जा भाषा महं उल्था होवे , ताकर शब्द ठीक प्रति होवे,
ताही कर वाक्य रचन वार ॥ २ ॥
ताही कर कर्त्ता क्रिया कर्म , आदि शब्द ले रचना बर,
धरो धरो सुन्दरता सुवार ॥ ३ ॥

(७२)

उल्था ॥

ध्रुपद ॥

रागनी भूपाली—ताल पटताल ॥

उल्था करन नलाभ जनव, बहुत बहुत रे ॥
अगणित भाषा सुन्दर भाषा, आवतहे सहज सहजरे ॥ १ ॥
निज मन माहीं सोच सोचके,मनु लाभ लाभहे कितरे ॥ २ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(७३)

समाचार पत्र

रागनीभैरवी—ताल श्लथ तिताली

हेफल अनेक हैं जाते, समाचार पत्र पढ़ो ॥
विधिविधि बहु भांती, योग्यता आती,
बहु बहु वृतान्त सुनाती, समाचार पत्र पढ़ो ॥ १ ॥

(७४)

शब्द कोष ॥

ध्रुपद ॥

रागनी देवसांग—ताल झांपताल ॥

सदैव पुनि सर्वत्र, कोष सुकोषज पत्र, जब जब कछु जान न चाहि निहारो ॥
कोष कहं निहारत, संदेह सब भागत, अनजान जान हो तुमहि बिचारो ॥ १ ॥
यदिसों नहिं जानत, जानत सो जानत, का का आनन्द मन महं सो डारो ॥ २ ॥

(७५)

समय व्यय ॥

रागनी देश—ताल मध्यमान

समय नित निरखो सुमोलवान ॥
मन उमंगता अरु सुलहरता, हीनता लग बहु आन ।
इनतें समय हिं सदैव टारो, लगाइ अति मन लगान ॥ १ ॥
भल भल कार्य पाठन लेखन, जीवफल हित नित मान ।
सुनाम कीरति फल दायक बहु, काजहो समय बितान ॥ २ ॥
अस करि लोको मन महं सोचो, काका फल हमहिं आन ।
निरखो ताकर जो खोवत है, काका फल सो उठान ॥ ३ ॥
नामी कवीश अरु ग्रन्थकार, बलवान नृप धनवान ।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

काल काज भलभये बितावत , सत्य सत्य मनहिं मान ॥४॥
जोजो खोये समय कहं व्यर्थ , तिनकर भई बड़हान ।
इह लगि गये नाम गाम सब , रीतें सुभये निदान ॥ ५ ॥

(१६)

सत संगति ॥

रागनी बसन्त—ताल मध्यमान ॥

सत संगति गुण कहं लगि गाई ॥
सत संगति ते ईश मोहहीं , मात पिता मोह जाई ।
मोहत भ्राता भगिनी सगनी , मित्र सिच सब मोहाई ॥
सत संगति सुप्रभाई ॥ १ ॥
हीरक हाटक माणिक मोती , सुवरण धन बहुताई ।
जगत सकल कर परम आनन्द, गन्ध सुगन्ध समटाई ॥
नाहिं करत समताई ॥ २ ॥
तुमहीं सोच सुविचार देखो, सत संगति सुप्रभाई ।
इहते इहते करहो सबहीं, शठहिं सुधारत आई ॥
सत संगति भल भाई ॥ ३ ॥

(१७)

सत संगति ॥

रागनी खमाचकी उपपदी ठुमरी—ताल मध्यमान ॥

सत्य सत्य सतसंगति सारी , तन मन हित चितते हितकारी ॥
सत संगति ते दोष ढंपतहैं, नाम होत अति भारी ।
भलभल शिक्षा कर लागतहै, अगणित फल दातारी ॥ १ ॥
जगत केर सब काज सुधरहीं , भल भल पथ गत वारी ।
जाते सकलन बातन माहीं , फलप्रद हो बहु प्यारी ॥ २ ॥
जगत विदित सत संगति अतिहै , वर्णनते नहिं न्यारी ।
सब जानतहैं भल जन करहीं , सत संगति सुखकारी ॥ ३ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(७८)

आज्ञा का मान व अमान ॥

ध्रुपद ॥

रागनी देव सांग—ताल झांपताल ॥

आज्ञा अति पालो, खेदन बहु पालो , तन मन धन हित मित सम जन जानो ॥

आज्ञा अति पालन, सबहोवे लालन, जनक जननि भगिनि सबनि मन मानो ॥ १ ॥

आज्ञा भंग रंग, सुरंग उमंग अंग, जनि सपन मनहि कबहूं नहिं ठानो ॥ २ ॥

बड़ी बड़ी हानी, नहिं माने आनी, माने आनी भल फल मन आनो ॥ ३ ॥

(७९)

सभा ॥

होली—ताल मध्यमान ॥

सभाके अवैया, सभा के अवैया, ऐसो फाग मचाओ ॥

देह सुमन को बासन झारी, परिश्रम रंग रंगाओ ।

दृढ़ता पिचकारी मूढ़ सुबुद्धि। धुनि धृति अबीरलाओ ॥

धैर्य्य गुलाल उड़ाओ ॥ १ ॥

दुःख सहन केर केसर बस्तर, दक्षता अतर लगाओ ।

भलाई भली सुताल मृदंग, फाग एकता गाओ ॥

पटुता कबीर सुनाओ ॥ २ ॥

योग्यता सुफूंकि पिचकारी, निबन्ध लेख रंगाओ ।

बादानुवाद बहु रंग डारी, सार अंश भंग खाओ ॥

देशी मद मद लाओ ॥ ३ ॥

सभासद लोग इह भांति खेल, गारी तर्कना गाओ ।

भल भल विषयन सारहि लेले, मोर नाम फल पाओ ॥

ऐसी होरि मचाओ ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(८०)

मधुर भाषा ॥

खयाल ॥

रागनी सोहनी—ताल आड़ा ठेका ॥

सुमधुर भाषा भाषहु सदासदाये ॥
सुमधुर भाषा व्ययन करावे, ढिंगते न जात कछु यदा यदा ॥ १ ॥
सुमधुर भाषा सबकहं मोहत, जनप्रिय पुनि फलप्रद तदातदा ॥ २ ॥

(८१)

कटु भाषा ॥

खयाल ॥

रागनी सिंधु—ताल मध्यमान ॥

हे लोगो मम प्यारे, भाषण कटु कटु खेदी जनि उच्चारो ॥
कटुकटु बानी, खेद सुआनी, छोटबड़े सबकहं बेधतडारो ॥ १ ॥
घृणासुकरहीं, काजनपरहीं, कुनाम धरहीं कटुतेमनटारो ॥ २ ॥

(८२)

सभालाभ ॥

रागनी आसावरी—ताल मध्यमान ॥

लाभ सभा सोंकाका आहीं । अगणित अभणित सु-
अमित सुकथित, बहुत सभा के माहीं ॥
राज्य सु सुधरें पुनि युद्ध जीतें, राजन दोष नशाहीं ।
विद या बाढे भ्रमता भाजे, आपन लोगन माहीं ॥ १ ॥
लोक व्यवहारी कार्य्य बनत, भांति भांति फल पाहीं ।
देश देश महं सुनयन लोको, लाभ लुके कत नाहीं ॥ २ ॥

(८३)

सभा ॥

रागनी कल्याण—ताल तिताला ॥

लोगो सद असपूजा धारो । काय बचन मन

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

हित चित्त रतसो भल भल मन करि डारी ॥
भली सभाकर रूप आनकर, मनहि आनि पुनि धारो ।
निर्मल सुबुद्धि निर्बल बारी, कराहु स्नान कारो ॥ १ ॥
परिश्रम सुपुहुप भांति भांतिके, धुनिधृति सुगंध डारो ।
साहस केरी चामर करहो, बच पटुता धा डारो ॥ २ ॥
योग्यता नैवेद्य लागे, निबंध आरति बारो ।
ऐक्यमता सुबर भल मांगो, लोग लाभ फल धारो ॥ ३ ॥

(८४)

स्वच्छता व कपट हीनता ॥

रागनी झंझोटी—तालमध्यमान ॥

अहोप्रियलोगो, अहोप्रिय लोगो, लेहुस्वच्छतातनमन माहीं ॥
मनी स्वच्छता, बचन सत्यता, विश्वास पुनि संदेह नाहीं ।
बुद्धि निर्मलता, मनैक्यदृढ़ता, बुद्धिहीनता जातनसाहीं ॥ १ ॥
बचन सत्यता, लोक सुप्रियता, होत बास भल सबके पाहीं ।
सकलमूलता, होत स्वच्छता, जाते सबफल आवत आहीं ॥ २ ॥
तन स्वच्छता, दय आरोग्यता, रोग बिरोग जाहीं नसाहीं ।
मूल सुरचता, रूप सुन्दरता, सबहीके मनजोबहुभाहीं ॥ ३ ॥
दरश शिष्टता, लोक सुप्रियता, उपजत रत बहुते इहमाहीं ।
अस स्वच्छता, निस्सन्देहता, तजिलेवो मन अपनेठाहीं ॥ ४ ॥

(८५)

स्टष्टिस्वरूपता ॥

रागनी कान्हड़ा—ताल तिताला ॥

रचना सुस्टष्टि बढ़त घटत, समेत बिस्तारा ॥
पूर्णता छांड़ि स्टष्टि अपारा । नष्ट होतजलरूप अकारा ॥ १ ॥
यदि इहतोसो दूसर रूपा । पुनिबगरतसो स्टष्टि स्वरूपा ॥ २ ॥
इहइह भांतिरूपपलटाहीं । भवलयइनकरनामकहाहीं ॥ ३ ॥
सजीव निर्जीव वस्तु अनेका । उपजत भिन्न एकतेएका ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

सुधरत बिगरत होहिंविभेदा । इहिविधिआवे पूर्णअभेदा ॥ ५ ॥
विश्वरूप जिहिकह सबलोगा । नहितर निर्गुणरूपअभोगा ॥ ६॥

(८६)

मानसिक स्वच्छता ॥

होली—तालमध्यमान ॥

मन महं स्वच्छता ऐसी होरी मचाओ ॥
शीलता केर रंग बनाई, सुकाज छींट लगाओ ।
सुमधुरता कर अबीर गुलाल, दृढ़ता मुखहिं भराओ ॥
जनरत अगर लगाओ ॥ १ ॥
दया कृपा कर केसर बस्तर, करुणा पिचका आओ ।
शीलता रंग ता महं बोरी, भल यश छींट चलाओ ॥
सुनाम यश रंग पाओ ॥ २ ॥
मूर्खता त्यागन झांझ सुडफरी, संशय नाश बजाओ ।
विश्वास धारन ढोल नगारा, सत्यता गारी गाओ ॥
मनरत गारी खाओ ॥ ३ ॥

(८७)

दैहिक स्वच्छता ॥

होली—ताल मध्यमान ॥

तनमें स्वच्छता खेलहु होरी ऐसी ॥
निर्मल वस्तर केसर वस्तर, निर्मलता रंग जैसी ।
झाड़ब पोछब कर पिचकारी , ढांपहु मलता तैसी ॥
अंश सुगलाल वैसी ॥ १ ॥
नयन नासिका अरु कर्ण फेरा , चन्दन चोवा जैसी ।
जिह्वा त्वचा केर विमलता , लेहु भला सब वैसी ॥
गृह कर अबीर तैसी ॥ २ ॥
निर्मल भाजन झांझ सुडफरी , बाज बजावहु तैसी ।

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

विमल विमलता गारी गावो , खावहु गारी कैसी ॥
तन निरोगता जैसी ॥ ३ ॥

(८८)

मानसिक स्वच्छता ॥

रागनी केदारा—ताल तिताला ॥

लोग सुनो, मन स्वच्छता लेहु भल ॥
मलता घिन्नकरहु बरबीजा । बोअहुहठ धरतीमहं सीजा ॥ १ ॥
सुभावनिर्मलता बरबारी । सींचहु बहुबिधि छींटप्रचारी ॥ २ ॥
मलहीनता कंटक विकासा । रूंधहु भूमि बीज असपासा ॥ ३ ॥
स्वच्छता लत्तअंकुरजामें । अच्छतादरस काम बहुतामें ॥ ४ ॥
असंशयता डार बहुतेरे । विश्वसता बहु पात घनेरे ॥ ५ ॥
बचन सत्यता पुष्प बहुऊगे । लोक प्रेमतासो फल पूगे ॥ ६ ॥
पाकहिंतेफल एकतेएका । पाइकाज भल जातिअनेका ॥ ७ ॥
मधुर रसभा लोक उपकारा । हरषानन्द छांव अनुसारा ॥ ८ ॥
पीवहुसोरसअति हितमानी । खावहुसोफलरतरसमानी ॥ ९ ॥
मननिरोगताआवसुभांती । नाश कपट अज्ञानता जाती ॥ १० ॥
लोकबिघ्नआवहिंइहमाहीं । सड़ितगलितफलफूलसुजाहीं ॥ ११ ॥
त्यागहुसो फलफूलघनेरे । नाशत कपट आदि रोगेरे ॥ १२ ॥
मनस्वच्छता वृत्तइहठाहीं। भयोभयो लोकहु मनमाहीं ॥ १३ ॥

(८९)

दैहिकस्वचछता ॥

रागनीमुल्तानी—तालतिताला ॥

तनस्वच्छता पूजो भांतिअसी ॥
गेह आंगन विमलता लाई । पूजनीय राखहु बैठाई ॥ १ ॥
घिन्न हीनता करवर बारी । स्नान करावहु बिबिधप्रकारी ॥ २ ॥
करण नासिका नेचनकेरा । अच्छता चन्दन अक्षत हेरा ॥ ३ ॥
पुहुप बस्त्र स्वच्छता नाना । आसन शय्याकरबेल पाना ॥ ४ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

भोजन निर्मलता बहुभांती । देहु नैवेद्य अगणित जाती ॥ ५ ॥
जलनिर्मलता करबरपानी । पान कराबहु मनमहंठानी ॥ ६ ॥
पान सुपारी देवहु माना । अपर बस्तु निर्मलता नाना ॥ ७ ॥
करण नासिका नेत्रन केरा । रचना सुधूप देवहु नेरा ॥ ८ ॥
कर्पूर जीभ स्वच्छता जानी । जीभरचना दीपक मानी ॥ ९ ॥
इहि बिधि करहु आरती जारी । अर्घ शरीर भाग कर वारी ॥ १० ॥
इह बिधि पूजहु सुपूजनीया । सुस्वच्छतातन अतिकमनीया ॥ ११ ॥
निरोगताबर इहि बिधिपाहू । मरी आदि बहुरोग नसाहू ॥ १२ ॥
तन स्वच्छतापूज्य इह ठाहीं । भईभईलोकहु तनमाहीं ॥ १३ ॥

(९०)

कामादिक रिपु ॥

रागनी काफी—ताल मध्यमान ॥

हे लोगो होहु जनि बश माहिं । काम कोप मद
मत्सर मोहा, लोभ कुविकट अति आहिं ॥
काम कर निर्बल कोप अति दहन, मदस्वनाश होजाहिं ।
मत्सर निष्फल मोह बिगारत, लोभ स्वता निज नशाहिं ॥ १ ॥
ये षटरिपु सब नित नित ताकहिं, बल भरदेहिं नशाहिं ।
इनकहं कबहूं ठौर नदेवो, पौरुष जीति इन काहिं ॥ २ ॥

(९१)

उत्तम चाल ॥

रागनी योगिया—ताल मध्यमान ॥

भलभल चालन चलो चलोहो, चालन चाल सुचालहो ।
उत्तम चाल चलनते लोगो, सबके सब अति प्रसन्न हो ॥
मात पिता गुरु भ्राता भगिनी, प्रेम करहिं मन रंजनहो ॥ १ ॥
रतादि करनते तुमहिं सोचो, कसकस बहु पावत हो ।
जग कर काज कार सब निकरे, सुनाम सुनाम आवतहो ॥ २ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(९२)

कृपा ॥

ध्रुपद

रागनी ललित—ताल तेवरा ॥

थलचर जलचर नभचर सबपर, दया मया सुकृपा करुणाकर, कर तन मन धन बल निजपर कर ॥
निज मन समतिन सबकर मन मनि मनमहं धर कर ॥ १ ॥

(९३)

सत्यता ॥

ध्रुपद

रागनी ईमन कल्याण—ताल चौताला ॥

सांची बोलो सांची चालो, सांची करनी सांचो कार
सांचो पबर्त्त सांची चाल, सांचो सांचो सबहि धार ॥
सांचो मात पिता सब चाहें, आन आन जन सबजा माने,
धरम हमारो सांचो व्यवहार ॥ १ ॥

(९४)

मिथ्या ॥

ध्रुपद

रागनी ईमन कल्याण—ताल चौताला ॥

असतन बोलो असतन चालो, असत न करनी असतनकार
असतन पबर्त्त असत न चाल, असत असत नहिं कबहुंधार
असतहि सबकोउ घृणाकरहीं, जाते सबजन कुनाम धरहीं,
पाप बड़ो है असत्य व्यवहार ॥ १ ॥

(९५)

दान ॥

रागनी खमाच—ताल जलद तिताला

भल भल दान सुभली भलोहो ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

निज़बल जहंलगि विस्तृत होवे, तहंलगिकरि करिलो हो ।
तनमन धन जोकछु सोहोवे, करि करिचलो चलोहो ॥ १ ॥
नाम नाम यश कीरति बाढ़े, लोगन भलो भलो हो ।
सोचविचार तुमहिं मनलोको, सबबल फलोफलोहो ॥ २ ॥

(९६)

सहायता ॥

ध्रुपद

रागनीसिंधु—तालतेवरा ।

सहित सहाय सुमहाय करहो, जो भली भली ।
तनसे मनसे धनसे बचसे, यदि चली चली ॥
निर्बल बल है बली बली बल, हो बली बली ।
प्रति अवसर महं सब बातनमहं, यदि चली भली ॥ १ ॥

(९७)

नाम ॥

लावनी

चलोयार सबनाम कमावें, हासिल नाम अजब शयहै ।
उमदा उमदा नामवरे सब, करना काम नाम मयहै ॥
पढ़ना लिखना हुक्म बजाना, करना कहना इनसबका ।
मा बापों का और बड़ों का, उस्तादों का हो कबका ॥ १ ॥
चाल पकड़ना भली भलीपर, गाली गलौज नहिं करना ।
दंगा लड़ाई फ़िसाद झगड़ा, इनबातों में नहिं मरना ॥ २ ॥
पढ़ लिखकर जब तैय्यार हुए, पेशा लेवे नामवरी ।
देनाहल्मका बना कितावें, जबके लियाक़त आभरी ॥ ३ ॥
कुंवा बावली बाग़ बाग़चा, खुदवाना फिर बनवाना ।
पैसाहोवे उमदा उमदा, ऐसेहि काम करवाना ॥ ४ ॥
देखो यारो गौर के साथ, अदना शाह नाम मयहै ।
कमाकमाके इन्तकाल किये, नाम कमाना क्याशयहै ॥ ५ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

(९८)

मनैक्यता ॥

ध्रुपद

रागसोरठ—तालतेवट

लोगो एकता करो, समता सुरहोरे, लोगो एकता करो, समता सुरहोरे, लोगो ॥

एकता क्रियेहैं फलसुअनेकन, जेवरिमिल बांधेकरिनी, लोगो ॥ १ ॥

(९९)

गीतचन्द्रिका ॥

आरती

जय गीते जय गीते, जय चन्द्रिका रानी ।
आरती शुभग तोरी, मन महं अस ठानी ॥
पढ़न लिखन गणितादिक, बिषयनभरमानी ।
शाला बंधित अनेकन, शुभ वातन जानी ॥ १ ॥
पुनिभल उपदेश भरित, शिशु पाठक हेतू ।
जानि जानि रानी जी, पावहिं सुख केतू ॥ २ ॥
विधिविधि राग रागनी, शुभ-ताल समेता ।
गावत हो परमानन्द, कहिन जाय जेता ॥ ३
अन्तहोत गीता अब, चन्द्रिका शुभरानी ।
गवाय पढ़ाय पढ़ के, हर्ष मनमहं आनी ॥ ४ ॥

(१००)

गीतचन्द्रिका ॥

आरती

आरतिगीतचन्द्रिकाकेरी । इहबिधिलागतमनमहंहेरी ॥
सकलनपचन सुन्दरभारी । बिषयनसबमिल दीपकधारी ॥ १ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

रागरागनी सुन्दर नाना । विधिवत घृतकर्पूरस माना ॥ २ ॥
तालन आदिक बात्तीबारी । नादनि करहींप्रकाशकारी ॥ ३ ॥
जिह्वा कण्ठआदिमहं लेहू । मानहुं कर धरसुन्दरगहू ॥ ४ ॥
बाजनविधिविधि बाजनबाजे । मानहुंसाज आरतीसाजे ॥५॥
अन्त करन मनुजलफिरषांई । गीतचन्द्रिकाअन्तजुआई ॥ ६ ॥
करहींआरति इहविधिभाई । अर्थानन्द शुभग बरषांई ॥ ७ ॥
इहहर्षजानहिंगायकलोगा । गायन विद्याप्रदसुखभोगा ॥ ८ ॥
मनमहंजोकछुआनंदआवे । याइजीभ मनकहिनहिंपावे ॥ ९ ॥

समाप्त

SPS
891.431 M 67 S
6582

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

Bahsha Sastra

No: 84

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri and Sarayu Trust.

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE